सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में भाषण एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इलाहाबाद के विद्यालयों के कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने अति उत्साहपूर्वक भाग लिया। केन्द्र के निदेशक मनोज कुमार शुक्ला, भा0व0से0 ने अतिथियों तथा बाल प्रतिभागियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण में शुक्ला ने मानव जाति के कल्याण हेतु जैव–विविधता संरक्षण के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंजली धर तथा श्रीमती भावना शुक्ला ने बच्चों को सतत विकास हेतु जैव संरक्षण के महत्व का संदेश दिया।

भाषण तथा चित्रकारी प्रतियोगिता में बच्चों ने अति उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के निदेशक तथा अतिथिगण द्वारा उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में इशिता प्रथम, संस्कृति–द्वितीय तथा अंकित शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकारी प्रतियोगिता को तीन समूहों में बांटा गया जिसमें क्रमशः इशिता, अरण्यनी तथा प्रत्युष ने प्रथम स्थान प्राप्त गया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन डा0 अनीता तोमर तथा डा0 अनुभा श्रीवास्तव द्वारा डा0 वी0पी0 पाण्डेय तथा डा0 एस0डी0 शुक्ला के सहयोग से किया। संचालन डा0 अनुभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

SAVE
TREES

वन ही
SAVE
TREES
जीवन है

अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस
2016

कॉलेज में
वार को
क्रिकेट,
, योगा,
कूदों का
री तरफ
ग आदि

से शुरू

भाषण,
दिखाय

इलाहाबाद
दिवस के अ
एवं पारि-पु
से भाषण अ
आयोजन
तक के छा
प्रदर्शित
प्रथम, सं

भाषण, चित्रकला में दिखाया अपना हुनर

इलाहाबाद। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन नया कटरा की ओर से भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर को प्रदर्शित किया। भाषण में इशिता को प्रथम, संस्कृति को द्वितीय और अंकित शुक्ला को तीसरा स्थान मिला। तीन समूह में हुई चित्रकला प्रतियोगिता में इशिता, अरण्यनी और प्रत्यूष प्रथम रहे।

विजयी प्रतिभागियों को केंद्र के निदेशक मनोज कुमार शुक्ल (आईएफएस), विशिष्ट अतिथि अंजलीधर और भावना ने पुरस्कृत किया। संचालन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डॉ. एसडी शुक्ला, डॉ. अनीता तोमर, डॉ. वीवी पांडेय, अंकुर मौजूद रहे।